*

# INDIAN SCHOOL MUSCAT
## MIDDLE SECTION
## ANNUAL EXAMINATION 2019-20

**SET A**

## HINDI (SECOND LANGUAGE)

Code:MZHN202

CLASS: VIII

**Answer Key**

Time Allotted: 2 ½ Hrs.

05 .03.2020

Max .Marks: 80

## खण्ड (क) पदय व गदय

Marks

**प्रश्न 1 निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 1×4=4

**(क) 'दवार खड़ो दविज दुर्बल एक, रह्यो चकिसों बसुधा अभिरामा।'**

1 प्रस्तुत पंक्ति किसने, किससे कही? **दवारपाल ने श्रीकृष्ण से कहा**

2 प्रस्तुत पंक्ति से आप क्या समझते हैं? **दवारपाल ने श्रीकृष्ण से कहा कि एक कमज़ोर ब्राह्मण राजमहल के दवार पर खड़ा होकर चारों ओर की सुंदरता को हैरानी से देख रहा है।**

3 'बसुधा' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए। **धरती, धरा, भूमि**

4 प्रस्तुत पंक्ति के कवि का नाम लिखिए। **नरोत्तमदास**

**(ख) 'इतनी आरामदेह और सुरक्षित जगह और कहाँ होगी?'** 1×4=4

1 प्रस्तुत वाक्य किसने, किससे कहा? **साँप ने बाज़ से कहा**

2 प्रस्तुत वाक्य में किस जगह की बात की जा रही है? **साँप की गुफा की**

3 प्रस्तुत वाक्य में आए विशेषण शब्दों को छाँटकर लिखिए। **आरामदेह और सुरक्षित**

4 प्रस्तुत वाक्य के लेखक का नाम लिखिए। **निर्मल वर्मा**

**प्रश्न 2 दिए गए शब्दों के अर्थ हिन्दी में लिखिए।** 1×3=3

**1** महावत **हाथीवान** **2** सहर्ष **ख़ुशी से** **3** पठवनि **भेजना, विदाई**

**प्रश्न 3 दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। (किन्हीं पाँच)** 1×5=5

1 लेखक लंबी अवधि तक गाँव क्यों नहीं गया?

2 बाज जब नदी में गिरा तो लहरों ने क्या किया?

3 'ध्वनि' शीर्षक कविता में कवि प्रकृति के माध्यम से क्या कहना चाहता है?

4 कृष्ण ने सुदामा को सब कुछ बिना बताए क्यों दिया?

5 'ध्वनि' शब्द से आप क्या समझते हैं?

6 बाज का चरित्र हमें क्या सीख देता है?

**प्रश्न 4 किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए। (any 5)** 2×5=10

1 बस यात्रियों ने कंडक्टर पर संदेह क्यों किया?

2 अपने गाँव लौटकर जब सुदामा अपनी झोंपड़ी नहीं खोज पाए तब उसके मन में क्या-क्या विचार आए?

3 वस्तु-विनिमय क्या है? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है?

4 साँप के किस कथन में दार्शनिकता झलकती है?

5 आज समाज में मानवीय मूल्यों की क्या स्थिति है?

6 कवि ने अपने जीवन की तुलना वसंत से क्यों की है?

**प्रश्न 5 किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए। (any 3)** **3×3=9**

1 लेखक ने स्वीकार किया है कि लोगों ने उन्हें धोखा दिया है फिर भी वह निराश नहीं है।आपके विचार में इस बात का क्या कारण हो सकता है?

2 'ध्वनि' शीर्षक कविता से हमें क्या संदेश मिलता है?

3 'मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं।' इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है?

4 घायल होने के बाद भी बाज ने यह क्यों कहा, "मुझे कोई शिकायत नहीं है।" विचार प्रकट कीजिए।

## खण्ड (ख) व्याकरण

**प्रश्न 6 नीचे लिखे वाक्यों में उद्देश्य और विधेय अलग करके लिखिए।** **½×4=2**

1 **हिंदी साहित्य के महान लेखक प्रेमचंद** का जन्म **-उद्देश्य** लमही गाँव उत्तरप्रदेश में हुआ। **- विधेय**

2 **इस शिक्षिका का पुत्र रोहन- उद्देश्य** विदेश में पढ़ता है। **- विधेय**

**प्रश्न 7 नीचे लिखे वाक्यों में अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद लिखिए।** **1×2=2**

1 तुम क्या कर रहे हो? **प्रश्नवाचक**

2 आपकी यात्रा शुभ हो। **इच्छावाचक**

**प्रश्न 8 नीचे लिखे वाक्यों में रचना के आधार पर वाक्य के भेद लिखिए।** **1×2=2**

1 जैसे ही अध्यापक आए, कक्षा शांत हो गई। **मिश्रित**

2 दिनेश अपने मित्र के साथ घूमने जा रहा है। **सरल**

**प्रश्न 9 नीचे लिखे उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए।** **½×4=2**

क) सह **सहपाठी, सहचर, सहशिक्षा** ख) कु **कुपुत्र, कुमार्ग, कुसंगति**

**प्रश्न 10 नीचे लिखे शब्दों से प्रत्यय अलग करके लिखिए।** **½×4=2**

क) धनवान **धन + वान** ख) भारतीय **भारत + ईय**

**प्रश्न 11 क) नीचे लिखे शब्दों की संधि कीजिए।** **1×2=2**

1. सु+उक्ति **सूक्ति** 2. राजा+ईश **राजेश**

**ख) नीचे लिखे शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए।** **½×4=2**

1. गंगोत्सव **गंगा + उत्सव** 2. यथादेश **यथा + आदेश**

**प्रश्न 12 नीचे लिखे शब्दों का समास विग्रह करके समास का नाम लिखिए।** **½×4=2**

क) जलधारा **जल की धारा, तत्पुरुष** ख) लाभ-हानि **लाभ और हानि , दवंद्व**

**प्रश्न 13 नीचे लिखे वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाकर वाक्य फिर से लिखिए।** **½×4=2**

1 सोहन को रोको मत जाने दो **सोहन को रोको, मत जाने दो। / सोहन को रोको मत, जाने दो।**

2 माँ ने पूछा, तुम कब लौटेगे **माँ ने पूछा, "तुम कब लौटोगे?"**

**प्रश्न 14 नीचे लिखी लोकोक्तियों को पूरा करके लिखिए।** **1×2=2**

1 **अधजल** गगरी **छलकत** जाए

2 दूर के **ढोल सुहावने**

## **खण्ड (ग) रचना**

**प्रश्न 15 नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **1×5=5**

सुभद्रा कुमारी चौहान हिंदी साहित्य की प्रसिद्ध लेखिका हैं।इनका जन्म 16 अगस्त 1904 में इलाहबाद के निकट निहालपुर गाँव में एक सम्पन्न परिवार में हुआ।इन्हें बचपन से ही काव्य ग्रंथों में विशेष रूचि थी।इनका विद्यार्थी जीवन प्रयाग में ही बीता।अल्पायु में ही इनकी पहली कविता प्रकाशित हुई।सुभद्रा कुमारी चौहान और महादेवी वर्मा बचपन की सहेलियाँ थीं। सुभद्रा कुमारी का विवाह खंडवा निवासी ठाकुर लक्ष्मण सिंह से हुआ।पति के साथ वे भी महात्मा गांधी के आंदोलन से जुड़ गई और राष्ट्र प्रेम पर कविताएँ करने लगी।इनका पहला काव्य संग्रह 'मुकुल' 1930 में प्रकाशित हुआ। 'झाँसी की रानी' इनकी बहुचर्चित रचना है। **सुभद्रा जी की कहानियाँ एक ओर जहाँ रूढ़ियों पर प्रहार करती हैं, वही ऊपरी दिखावे का भी विरोध करती हैं।**1948 में एक सड़क दुर्घटना में इनका निधन हो गया।

**प्रश्न**

1 सुभद्रा कुमारी चौहान के किसी एक काव्य संग्रह का नाम लिखिए। **'मुकुल'**


2 सुभद्रा कुमारी चौहान की कहानियों में किसकी झलक मिलती है?

3 सुभद्रा कुमारी चौहान को बचपन में किस में विशेष रूचि थी? **काव्य ग्रंथों में**

4 विवाह के बाद सुभद्रा जी के लेखन में क्या परिवर्तन आया? **राष्ट्र प्रेम पर कविताएँ करने लगी**

5 'निर्धन' और 'दीर्घायु' दोनों शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश से ढूँढ़कर लिखिए। **सम्पन्न, अल्पायु**

**प्रश्न 16 दिए गए चित्र को देखकर इसका वर्णन 30-35 शब्दों में कीजिए।** **5**




**प्रश्न 17 बगीचे में भ्रमण करती दो महिलाओं के बीच संवाद लिखिए।** **5**

**या**

**सुबह देर से आने पर शिक्षक और छात्र के बीच संवाद लिखिए।**

**प्रश्न 18 अपनी स्वरचित कविता प्रकाशित करवाने हेतु किसी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।** **5**

**प्रश्न 19 किसी एक विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **5**

1 मेरी रेल यात्रा    2 बिना विचारे जो करे सो पाछे पछतावे    3 मीठी बोली का महत्व